शक्तिधाम में केडसती माँ का सच्चा दरबार

शक्तिधाम में केडसती माँ का सच्चा दरबार है
दादी का परिवार है ये केडिया परिवार है

दादी हमारी न्यारी है सब भक्तों की प्यारी है
वर देती दिन राती है ये माँ लखदातारी है
अपने बच्चों के सिर पे रखती सदा ये हाथ है
दादी का परिवार है ये केडिया परिवार है

अमर सुहागण दादी माँ कुल की पालनहारी है
चुनड़ी तेरी लहराती है सब दुखों को टारी है
दादी के दरबार में हरदम होता चमत्कार है
दादी का परिवार है ये केडिया परिवार है

खेमी तोली ठुकरी संतोखी दादी की महिमा न्यारी है
मंगलकरणी संकटहरणी शक्तिज्योत अवतारी है
केडधाम की धरती में माँ की गूँजे जयजयकार है
दादी का परिवार है ये केडिया परिवार है

संतों की प्रतिपाली माँ खुशहाली फैलाती है
जो भी आया दर पे तेरे उसकी झोली भर जाती है
मधु पे दादी ने किया हरदम ही उपकार है
दादी का परिवार है ये केडिया परिवार है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19564/title/shaktidham-me-kedsti-maa-ka-sacha-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |